हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 6 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

11 बाबा अर्धनारीश्वर मंदिर में तीन दिवसीय ...

12 प्राथमिक स्कूल में हुआ मातृ सम्मेलन माताओं ...




## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**महासमुंद।** ग्राम झलप में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गए। पुलिस के अनुसार बरेकेल निवासी देवेंद्र कुमार टंडन 2 फरवरी को मेषकुमार टंडन के साथ उसकी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जी 0420 से झलप से वापस घर ग्राम बरेकेल जा रहे थे कि शाम करीबन 4 बजे एनएच 53 सर्विस रोड एटीएम के पास ग्राम झलप पहुंचे तभी पीछे से आ रहे अज्ञात मोटर सायकल के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर उनकी बाइक को पीछे से ठोकर मारकर कर भाग निकला। एक्सीडेंट से प्रार्थी को दाहिने पैर, कमर में तथा मोटर सायकल के पीछे बैठे मेषकुमार टंडन के सिर, नाक, कंधा में चोटें आई हैं। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### तालाब के पास जुआ फड़ में कार्रवाई, 12 लोगों के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** शहर के मौहारीभांठा स्थित टामकी तालाब के आसपास जुआ संचालित होने की सूचना पर पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए 12 लोगों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि मौहारीभाठा टामकी तालाब के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। इसके बाद बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने रेड कार्यवाही कर घेराबंदी की। जहां से जलधर पिता बंधु सोनवानी (32 साल), गिरधारी पिता मदनलाल साहू, प्रियांशु पिता सोनेश्वर चंद्राकर, गोविंद पिता मन्नालाल निर्मलकर, नितेश पिता स्व. दिलीप चंद्राकर, मोहन पिता सुरजीत सिंग, भूपेंद्र पिता मदन साहू, प्रकाश पिता अशोक साहू, उदय पिता राजू सिन्हा, अजय पिता श्याम कहार जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़ाए। वहीं दो अन्य के खिलाफ नाल निकालकर जुआ खिलाए जाने के संबंध में एफआईआर दर्ज की गई है। कार्रवाई के दौरान 10 आरोपी पकड़े गए, जिनके पास से नगद, मोबाइल वाहन आदि कुल कीमत 3,18,500 रुपए को बरामद की है।

### सूने घर का ताला तोड़कर चोरी



**महासमुंद।** पिथौरा में एक सूने घर में चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना की जा रही है। पिथौरा पुलिस को सुखचरण चतुर्वेदी ने बताया कि वह वार्ड क्र. 03 खेल मैदान के पीछे पिथौरा का रहने वाला है तथा जनपद पंचायत फिंगेश्वर में करारोपण अधिकारी है। वह 1 फरवरी को वह अपने परिवार के साथ आवश्यक कार्य के सिलसिले में घर में ताला बंद करके रायपुर गया था। 4 फरवरी को पड़ोसी ललिता चौधरी ने फोन करके चैनल गेट का ताला व घर के सभी कमरों के खुले होने की जानकारी दी। वापस आकर देखा तो र के सामने का चैनल गेट का कुंडी टूटा हुआ था, तब अंदर प्रवेश किया देखा, घर के सभी कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। घर एवं आलमारी में रखे चार नग चांदी के पायल 18 तोला कीमत 10000, कांसा का थाली चार नग कीमत 1500, 3. पीतल का बर्तन एक नग कीमत 1500, पीतल का बर्तन पानी पीने का एक नग कीमत 1500, कांसे का लोटा एक नग कीमत 1300 रुपये और नगदी रकम 5000 रुपए कुल 20800 रुपए की चोरी किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर धारा 305(ए), 331(4) अपराध दर्ज किया गया है।

# कांग्रेस प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह का बलौदाबाजार दौरा

## राजीव भवन निर्माण व मनरेगा आंदोलन पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदू का जिला मुख्यालय आगमन हुआ। वे राजीव भवन निर्माण समिति की बैठक एवं मनरेगा बचाव संग्राम के अंतर्गत प्रस्तावित कलेक्ट्रेट घेराव कार्यक्रम को लेकर आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होने पहुंचे।

जिले में जिला अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति के पश्चात प्रथम जिला आगमन पर शहर ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण सेन एवं ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष दीपक साहू के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी, पुष्प-मालाओं एवं नारों के साथ प्रभारी महामंत्री का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा गया।



### मनरेगा से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की

राजीव भवन निर्माण समिति की बैठक में भवन निर्माण की प्रगति, आर्थिक व्यवस्थाओं एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जनक राम वर्मा को निर्माण समिति का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रभारी महामंत्री ने समिति के सदस्यों को पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नेताओं ने संगठन की मजबूती, जनसमस्याओं के समाधान एवं मनरेगा से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। प्रभारी महामंत्री ने कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क बढ़ाने और आगामी आंदोलनों को संगठित रूप से सफल बनाने का आह्वान किया।

इसी अवसर पर कांग्रेस की विचारधारा और नीतियों से प्रभावित होकर नवयुवक संगठन चिचोली के भोजराम ध्रुव, धनु ध्रुव, पीताम्बर ध्रुव, बलराम ध्रुव, देवलाल ध्रुव, कुमार ध्रुव सहित अनेक युवाओं व कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदू एवं शैलेश नितिन त्रिवेदी ने सभी नवप्रवेशी कार्यकर्ताओं का गमछा पहनाकर स्वागत किया।

बैठक में जिला प्रभारी अशोक राज आहूजा, जिला अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, कसडोल विधायक संदीप साहू, बलौदाबाजार ▶▶ शेष पेज 11 पर

## आवेदन ऑनलाइन अपलोड कर तत्काल की जाएगी कार्रवाई

# जिले में राजस्व पखवाड़ा 11 फरवरी से, कई प्रकरणों के होंगे निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में 11 फरवरी से पुनः राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कलस्टरों में राजस्व शिवर आयोजित किये जाएंगे। शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों जैसेः फौती नामांतरण एवं बटवारा, अभिलेख त्रुटि सुधार के प्रकरणों का मौके पर ही आनलाइन अपलोड कर हल्का पटवारी द्वारा प्रतिवेदन, पंचनामा, आदि की प्रविष्टि एवं मौके पर ही नोटिस ईश्तहार जारी कर पक्षकारों को तामिल कराया जा रहा है। जिले में धान खरीदी शुरू होने के कारण राजस्व शिविर स्थगित किया गया था।

शिविर के दौरान बी-1, खसरा एवं किसान किताब के प्राप्त आवेदनों का शिविर स्थल पर ही निराकरण, आय, जाति, निवास संबंधी समस्त आवेदनों का शिविर स्थल पर ही लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से आनलाइन प्रविष्टि एवं समय-सीमा में शत-प्रतिशत निराकरण के निर्देश दिये हैं।




राजस्व शिविर 11 फरवरी को तहसील बलौदाबाजार अंतर्गत बलौदाबाजार में, लवन के धाराशिव, पलारी के वटगन, भाटापारा के खम्हरिया, सिमगा के बनसांकरा, सुहेला के सुहेला, टुण्डरा के गिधौरी, सोनाखान के चांदन, 12 फरवरी को तहसील बलौदाबाजार के ग्राम अर्जुनी, लवन के मुण्डा, पलारी के गिधपुरी, भाटापारा के गुड़ेलिया, सिमगा के कचलोन, सुहेला के खपराडीह, कसडोल के देवरीकला, टुण्डरा के कुम्हारी, सोनाखान के सोनपुर, 13 फरवरी को तहसील बलौदाबाजार के ग्राम चांपा, लवन के डोंगरा, पलारी के दतरेंगी, भाटापारा के खैरी, सिमगा के औरेठी, सुहेला के रावन ग्रासीम, कसडोल के छरछेद, सोनाखान के बिलारी (ज), 16 फरवरी को बलौदाबाजार तहसील के ग्राम रिसदा, लवन के भालूकोना, पलारी के रोंहासी, भाटापारा के निपनिया, सिमगा के कामता, सुहेला के नेवारी, कसडोल के झबड़ी, 18 फरवरी को बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम संकरी में, लवन के केलिहा,पलारी के दतान-ख, भाटापारा के कोदवा, सिमगा के केसदा, सुहेला के बुड़गहन, कसडोल के कटगी एवं 19 फरवरी को बलौदाबाजार के ग्राम भाठागांव, लवन के लाहोद, भाटापारा के औटेबंद, सिमगा के नेवधा, सुहेला के ग्राम हिरमी में आयोजित है।

# मेडिकल स्टोर में चोरी आरोपी गिरफ्तार, 77 हजार रुपए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



स्थानीय जयस्तंभ चौक स्थित हाजी मेडिकल स्टोर्स में हुई चोरी की गुत्थी को सिमगा पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने मामले में 18 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई राशि का बड़ा हिस्सा बरामद कर लिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश केंवट ने बताया कि गत 3 फरवरी को प्रार्थी मोहम्मद स्वरूप मेमन निवासी वार्ड क्रमांक 13 सिमगा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि जयस्तंभ चौक सिमगा में स्थित उसकी हाजी मेडिकल स्टोर्स से 31 जनवरी की रात्रि से 1 फरवरी के दरमियान दुकान अंडर काउंटर में रखे 90 हजार रुपए को दुकान अंदर प्रवेश कर किसी अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर थाना सिमगा में धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।उसने प्रार्थी को अपने दुकान में रात्रि के समय पैसे रखते देख लिया था, जिससे उसकी नियत बिगड़ गई एवं उसके द्वारा बांस की बल्ली के माध्यम से ऊपर चढ़कर मेडिकल अंदर घुसते हुए काउंटर में रखे नगद रकम को चोरी कर ली। आरोपी द्वारा चोरी किए गए रकम में से कुछ रकम खाने पीने में खर्च कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी से चोरी की रकम में से नगदी 77 हजार बरामद कर गुरूवार को न्यायालय में पेश किया गया।

### सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया

प्रकरण में सिमगा पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर की सूचना पर आरोपी तामेश्वर साहू 18 वर्ष निवासी ग्राम शिवनी थाना मुजगहन जिला रायपुर को हिरासत में लिया गया। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह मेडिकल स्टोर के पास 30 जनवरी से ठेकेदार के अधीन जय स्तंभ चौक में बढ़ई का काम कर रहा था।

# जिला प्रशासन ने चार आदतन अपराधियों का किया जिला बदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




जिले में वर्तमान कानून व्यवस्था को देखते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर चार आदतन अपराधियों को एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश जारी किया है।

आदेश के तहत सिटीकोतवाली थाना अंतर्गत चौकी करहीबाजार डिपरापारा निवासी रामकुमार अंजान पिता मन्नू अंजान, ग्राम पासीद निवासी पुरूषोत्तम उर्फ पुरूं पिता चंदराम महरा, थाना पलारी अंतर्गत ग्राम अमेरा निवासी विक्की सोनवानी पिता धरम सोनवानी एवं थाना सुहेला अंतर्गत ग्राम हिरमी निवासी रवि अनंत पिता साधुराम अनंत को जिला बदर किया गया है।

उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3,5 ख के तहत किया गया है जिसमें 1 वर्ष के कालावधि के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा जिले एवं उसके सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ति, बेमेतरा एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों की सीमाओं से आदेश पारित होने 24 घंटे के भीतर हटने एवं बाहर चले जाने के आदेश दिए हैं।

# परीक्षा के कारण ध्वनि विस्तार यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- परीक्षाओं के सुचारु संचालन के लिए कलेक्टर ने जारी किया आदेश

जिला अंतर्गत विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आयोजित होने वाली परीक्षाओं के सुचारू संचालन एवं छात्र-छात्राओं की परीक्षा की तैयारी में व्यवधान न हो इसे दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दीपक सोनी ने बिना लिखित पूर्वानुमति के ध्वनि विस्तार यंत्रों के प्रयोग प्रतिबंधित कर दिया है। छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1985 की धारा 4 के तहत लागू यह आदेश जिले की सीमा अंतर्गत प्रभावशील होगा। बिना लिखित पूर्वानुमति के ध्वनि विस्तार यंत्रों का प्रयोग करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई होगी।

जारी आदेश में कहा गया है कि विशिष्ट परिस्थितियों एवं शासकीय कार्यों के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग की अनुमति सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों तथा ध्वनि प्रदूषण (विनियमन तथा नियंत्रण) नियम, 2000 एवं उपरोक्त अधिनियम में उल्लेखित शर्तों के अंतर्गत जिला मुख्यालय में अनुविभागीय दंडाधिकारी बलौदाबाजार एवं जिले के अन्य अनुविभाग मुख्यालय की तहसील में अनुविभागीय दंडाधिकारी द्वारा तथा अनुविभाग मुख्यालय से भिन्न तहसील में तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी द्वारा दी जाएगी। यह अनुमति किसी भी परिस्थितियों में रात्रि 10 से प्रातः 6 बजे के बीच की अवधि के लिए नहीं दी जा सकेगी।

# शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 11 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- 135 पदों पर होगी भर्ती

जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु कार्यालय परिसर बलौदाबाजार में 135 पदों की भर्ती हेतु 11 फरवरी को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन सुबह 11 से 3 बजे तक आयोजित किया जायेगा।प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड कुकुरदी बलौदाबाजार द्वारा सेफ्टी स्टीवर्ड के 4 पद, बायलर ऑपरेटर के 4 पद, इंस्ट्रूमेंट तकनीशियन के 7 पद, इलेक्ट्रीशियन के 5 पद एवं फिटर के 5 पद, शैक्षणिक योग्यता आईटीआई, डिप्लोमा पदानुसार, वेतन 12610 रूपए अनुभव 3 से 5 वर्ष, कार्यक्षेत्र कुकुरदी सीमेंट बलौदाबाजार होगा। दुर्गेश इंडसट्रियल सिक्योरिटी रायपुर द्वारा सिक्योरिटी सुपरवाईजर के 20 पद, सेक्यूरिटी गार्ड के 50 पद, शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं उत्तीर्ण, उच्च एवं अनुभव 0 से 5 वर्ष, उम्र 20 से 45 वर्ष, वेतन 15 हजार से 18 हजार रूपये देय होगा, कार्यक्षेत्र रायपुर होगा। शांता टेक्नो प्रा.लि. रायपुर द्वारा मैकेनिकल इंजीनियर के 5 पद, ऑपरेटर के 5 पद, फिटर के 10, वेल्डर के 10 पद एवं हेल्पर के 10 पद, शैक्षणिक योग्यता आईटीआई एवं अन्य उत्तीर्ण, उम्र 18 ये 40 वर्ष एवं अनुभव 0 से 5 वर्ष, वेतन 10 हजार रूपये देय होगा, कार्यक्षेत्र उरला रायपुर होगा।

ऐसे आवेदक जो निजी क्षेत्र में रोजगार के इच्छुक है और मेला में भाग लेना चाहते है वे वेबसाइट छत्तीसगढ़ रोजगार एप्प के माध्यम से रोजगार पंजीयन एवं प्लेसमेंट कैम्प हेतु पंजीयन कर सकते हैं, दोनों पंजीयन होना अनिवार्य है। इच्छुक आवेदक अनिवार्य रूप से समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित आवेदक स्वयं की व्यवस्था के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

## लोगों को पंजीयन संबंधी कार्यों में मिलेगी बड़ी राहत

# लवन तहसील में खुलेगा उप पंजीयक कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य शासन द्वारा तहसील लवन में उप पंजीयक कार्यालय खोलने की स्वीकृति प्रदान की गई है। रजिस्ट्रीकरण अधिनियम–1908 के प्रावधानों के तहत नवीन उप पंजीयक कार्यालय खोलने के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। लवन के अतिरिक्त भखारा (जिला धमतरी), सकरी एवं राजकिशोर नगर (बिलासपुर) में भी उप पंजीयक कार्यालय की स्वीकृति प्रदान की गई है।




नए उप पंजीयक कार्यालय खुलने से क्षेत्र के नागरिक को रजिस्ट्री कार्य के लिए दूरस्थ जिला मुख्यालय तक नहीं जाना पड़ेगा। इससे समय और धन की बचत होगी, भीड़ कम होगी तथा पंजीयन प्रक्रिया अधिक सुगम और पारदर्शी बनेगी। साथ ही स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और प्रशासनिक कार्यों में गति आने की भी संभावना है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि शासन की सेवाएं आम नागरिकों तक उनके निकटतम स्तर पर उपलब्ध हो। नए उप पंजीयक कार्यालयों की स्वीकृति से लोगों को पंजीयन संबंधी कार्यों में बड़ी राहत मिलेगी। यह निर्णय सुशासन की दिशा में एक और सशक्त कदम है, जिससे नागरिकों का समय बचेगा और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी।

वित्त एवं वाणिज्य कर पंजीयन मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि राज्य हमारी सरकार नागरिक सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। चार नए उप पंजीयक कार्यालयों की स्वीकृति इसी सोच का परिणाम है। नए उप पंजीयक कार्यालय खुलने से पंजीयन व्यवस्था मजबूत होगी और लोगों को उनके क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल सकेगी, जिससे प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और त्वरित होगी।

उन्होंने बताया कि पंजीयन विभाग द्वारा 10 नए क्रांतिकारी सुधार लागू किए गए हैं, जिनका लाभ इन क्षेत्रों के नागरिकों को भी मिलेगा। इनमें ऑटो डीड जनरेशन, आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन, घर बैठे रजिस्ट्री, स्वतः नामांतरण, ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाणपत्र, एकीकृत कैशलेस भुगतान, व्हाट्सएप आधारित सेवाएं, डिजीलॉकर एकीकरण, डिजी-डॉक सेवा तथा खसरा नंबर के माध्यम से ऑनलाइन सर्च एवं रजिस्ट्री डाउनलोड की सुविधा शामिल है।

# दसवीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को पंचायत देगी 5001 रुपए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रिसदा

- हाई स्कूल सेमहराडीह के विदाई समारोह में सरपंच ने की घोषणा

बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल सेमहराडीह में कक्षा दसवीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें ग्राम के जन प्रतिनिधि, शिक्षकगण, बच्चे एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। ग्राम के मुखिया सरपंच प्रमिला जितेंद्र वर्मा ने बच्चों को बोर्ड परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही पंचायत की ओर से दसवीं बोर्ड में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 5001 रुपए, द्वितीय को 2001 रुपए एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 1100 की पुरस्कार राशि की घोषणा भी की। गांव के युवा टीम शिक्षा सम्मान ग्रुप द्वारा भी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान आने पर क्रमशः 1501 रुपए 1001 एवं 701 रुपए की राशि से पुरस्कृत ▶▶ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ के किसानों को मिली राहत



**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों के हित में एक अहम और राहत भरा फैसला लेते हुए कुछ कैटेगरी के किसानों के लिए धान खरीदने की डेडलाइन बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राज्य के तीन कैटेगरी के किसानों को धान बेचने के लिए दो दिन 5 और 6 फरवरी 2026 दिए गए हैं। इस फैसले से उन किसानों को काफी राहत मिली है। धान खरीदी पर सीएम साय का बड़ा ऐलान, वंचित किसानों को फिर बेचने का मौका मिला है। किसानों को उनकी मेहनत का पूरा राहत मिल है दो दिन में किसानों को कोई परेशानी नहीं होगी।

### तीन दिवसीय सत्संग कौहाकुड़ा में कल से

**महासमुंद।** कबीरपंथी समाज सत्संग समिति द्वारा ग्राम कौहाकुड़ा में तीन दिवसीय वार्षिक सत्संग समारोह का आयोजन 7 फरवरी से 9 फरवरी तक किया गया है। मुख्य वक्ता के रूप में सदगुरु कबीर आश्रम सुहालिया मध्यप्रदेश की साध्वी ज्योति कला साहेब अपनी साध्वी मंडली के साथ पहुंच रही है। उक्त जानकारी देते हुए रोशन, नोहरदास, युवराज व मायाराम साहू ने बताया कि प्रवचन प्रतिदिन सुबह 10 से 1 व 3 से 6 बजे तक होगा।

### कहार भोई समाज का प्रदेश स्तरीय महासभा कल से

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ कहार भोई समाज छत्तीसगढ़ में आगामी प्रदेश स्तर में महासभा का दो दिवसीय आयोजन साहू समाज भवन रायपुरा में 07 एवं 8 फरवरी को किया गया है। विदित हो यह वर्ष महासभा का चुनावी वर्ष है। जिसमें महासभा अध्यक्ष, सचिव कोषाध्यक्ष के पद के लिए पदाधिकारियों का चुनाव होना तय हुआ है।

### ठेठवार समाज की वार्षिक बैठक 8 को

**झलप।** कौड़िया देवरी परिक्षेत्र ठेठवार (यादव) समाज पिथौरा की वार्षिक बैठक व सम्मान समारोह 08 फरवरी रविवार को ग्राम भानपुर (बलौदाबाजार) में आयोजित है। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्रारम्भ होकर सायं 6 बजे समापन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारिकाधीश यादव विधायक खल्लारी, पूर्व संसदीय सचिव व सभाध्यक्ष तुलाराम यादव, अध्यक्ष कौड़िया देवरी परिक्षेत्र ठेठवार (यादव) समाज पिथौरा रहेंगे। इस कार्यक्रम में कक्षा 10वी ,12वी में 70 प्रतिशत या उससे ऊपर पाये छात्र/छात्राओं का सम्मान किया जाएगा व समाज में लगातार सेवा दे रहे सामाजिकजनों का सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में आय-व्यय की जानकारी, सामाजिक चिंतन, समाज को नई दिशा प्रदान करने पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम की सहभागिता के लिए अधिक से अधिक संख्या में स्व जातीय बंधु उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हरीश यादव संरक्षक, घनश्याम यादव कोषाध्यक्ष, दुलार यादव, प्रमुख सलाहकार, माधोराम यादव उपाध्यक्ष, निरंजन यादव, रिखीराम यादव, शंकर यादव, डिगेश यादव, युधिष्ठिर यादव(पंच), देवसिंह यादव जनपद सदस्य सहित भानपुर के सभी स्वजातीय बंधु तैयारी में जुटे हुए है। उक्त जानकारी कौड़िया देवरी परिक्षेत्र ठेठवार (यादव) समाज के सचिव सोमकांत यादव ने दी है।

# सरेकेल में जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजन शासकीय उच्च प्राथमिक शाला सरेकेल मैदान में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कौशिल्या ठाकुर जनपद सदस्य, अध्यक्षता सरपंच राजकुमारी भुवन साहू, विशिष्ट अतिथि दिनेश्वर साहू अध्यक्ष सरपंच संघ, कुरूभाटा सरपंच दुर्गा रूपलाल, सरपंच तुरेंगा चंपा रूपधर पटेल, लोकनाथ दीवान प्राचार्य तुरेंगा, विजया लक्ष्मी सिदार प्रचार्य झलप, शहीद खान संकुल समन्वयक तुरेंगा, सतीश तिवारी संकुल समन्वयक झलप, कौशल सिन्हा संकुल समन्वयक छिलपावन, भोजराम ध्रुव अध्यक्ष ग्रा.वि. समिति सरेकेल, बेद राम बरिहा ग्राम पटेल सरेकेल रहे। कार्यक्रम में जनपद सदस्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल भी एक शिक्षा का अंग है। बच्चों को हर क्षेत्र में मौका मिले यही हमारी पहली प्राथमिकता है। गांव के बच्चों में बहुत प्रतिभा है। इनको आगे लाने के लिए सभी को मिल कर प्रयास करना होगा। साथ ही पढ़ाई पर भी अच्छे से ध्यान देना होगा।

विभिन्न प्रतियोगिता में जिन्होंने भाग लिया उनमें प्राथमिक शाला स्तर (बालक) कबड्डी में प्रथम-सरेकेल, द्वितीय - कुर्रभाठा, रिले रेस प्रथम-सिंघरूपली द्वतीय –अमोरी, 100 मी दौड़ में प्रथम यस सिंघरूपली, द्वितीय- समर ध्रुव सरेकेल, तृतीय-अंशु अमोरा। बोरा दौड़ प्रथम पुष्कर यादव सिंघरूपली, द्वितीय-अंशकुमार अमोरा, तृतीय-हर्ष ध्रुव कोलपदर, जलेबी दौड़- प्रथम-राधेश्याम अमोरी द्वितीय-युगेंद्र दीवान सिंघरूपली, तृतीय दीपांश ध्रुव, लंबी कुर्सी दौड़-प्रथम शाहिद दीवान सिंघरूपली, द्वतीय-हर्ष बरिहा पाटदादर, तृतीय-गैंद खड़िया, अमोरी बालिका वर्ग प्रथमिक स्तर कबड्डी -कुरूभाठा सिंघरूपली, रिलेरेश में सिंघरूपाली, सरेकेल 100मी दौड़ साधना सिंघरूपली, प्रियंका कुर्रभाठा, राशि सरेकेल लोटा दौड़ -श्रुति कोलपदर, हेमन सिंघरूपाली, करिश्मा सरेकेल कुर्सी दौड़- कनक बरिहा पाटनदादर, तारिणि निषाद सिंघरूपाली, धारिणी दीवान तुरेंगा। जलेबी दौड़-थानीय मिरी गोंगल, लीना बरिहा तुरेंगा, बबिता अमोरी। पूर्व माध्यमिक शाला स्तर विजेता-कबड्डी बालक-प्रथम सरेकेल, द्वतीय कुर्रभाठा बालिका-सरेकेल प्रथम, कुर्रभाठा द्वितीय, 100 मीटर दौड़ बालक-प्रथम -लक्की सरेकेल, द्वितीय इंद्रजीत कुर्रभाठा, तृतीय-नीतीश कछारडीह, 100 मी दौड़ बालिका-चांदनी सरेकेल, सोनल तुरेंगा, मनशी कछारडीह, रिले रेस बालक-सरेकेल प्रथम, कछारडीह द्वितीय, रिले रेश बालिका-प्रथम कुर्रभाठा, द्वितीय सरेकेल लंबी कूद बालक-प्रथम गजेंद्र सरेकेल, सागर ध्रुव द्वितीय, तृतीय रेमन दीवान तुरेंगा, बालिका लंबी कूद प्रथम राधिका तुरेंगा, द्वितीय प्रिया ध्रुव कुर्रभाठा रहे।



## कार्यक्रम: नवीन शासकीय महाविद्यालय भंवरपुर में वार्षिकोत्सव का आयोजन

# सांस्कृतिक उत्साह, रचनात्मकता एवं विद्यार्थियों की प्रतिभा से रहा सराबोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भंवरपुर

नवीन शासकीय महाविद्यालय भंवरपुर में प्राचार्य डॉ एसके साव के मार्गदर्शन वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर सांस्कृतिक उत्साह, रचनात्मकता एवं विद्यार्थियों की प्रतिभा से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनके सांस्कृतिक, बौद्धिक एवं सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में गीत, भाषण, नृत्य एवं नाटक जैसी विविध सांस्कृतिक गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ बढ़-चढ़कर सहभागिता की।



कार्यक्रम में भंवरपुर की जिला पंचायत सदस्य देवकी दीवान, जनभागीदारी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष युधिष्ठिर कर, उपसरपंच अनुराग शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। पश्चात प्राचार्य एसके साव के प्रेरणादायी संबोधन ने कार्यक्रम को दिशा प्रदान की। स्वागत गीत "सुस्वागतम्" के माध्यम से अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में छत्तीसगढ़ी सुआ नृत्य को विशेष महत्व दिया गया। वहीं हिन्दी को प्राथमिकता देते हुए भारत की विविध भाषाओं पंजाबी, उड़िया, भोजपुरी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ एवं अंग्रेज़ी के गीतों पर आधारित एकल, युगल एवं समूह नृत्य प्रस्तुत किए गए। अंग्रेज़ी भाषण एवं गायन प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों का मन मोह लिया और विद्यार्थियों की बहुआयामी प्रतिभा को उजागर किया। कार्यक्रम के अंत में रेडक्रॉस शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्राचार्य एसके साव के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। समापन अवसर पर सभी छात्रों, वॉलेंटियर्स एवं प्रतिभागियों द्वारा सामूहिक डीजे नृत्य कर कार्यक्रम को यादगार बनाया गया। भंवरपुर के गणमान्य नागरिकों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल आनंद से भरपूर था, बल्कि भंवरपुर की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गरिमा को बढ़ाने वाला भी रहा। उनका मानना है कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है तथा समाज को सकारात्मक दिशा देने वाले व्यक्तित्व का निर्माण होता है। नवीन शासकीय महाविद्यालय भंवरपुर इस दृष्टि से निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। कार्यक्रम का संचालन संतोष पटेल ने किया।

# पीएम नरेंद्र मोदी आज करेंगे परीक्षा पे चर्चा

## पीएम करेंगे महासमुंद की छात्रा सृष्टि से परीक्षा पे चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच एवं समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विगत नौ वर्षों से निरंतर आयोजित किए जा रहे परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का इस



वर्ष मुख्य आयोजन 6 फरवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब, फेसबुक लाइव, दूरदर्शन, पीएम ई-विद्या टीवी, रेडियो चैनलों एवं अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से किया जाएगा। कार्यक्रम के लिंक प्राप्त होते ही विकासखंडों के माध्यम से सभी स्कूलों को उपलब्ध कराया जाएगा। विदित हो कि परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण में इस वर्ष स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नयापारा की कक्षा 12वीं (गणित संकाय) की छात्रा सृष्टि का चयन राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम के लिए किया गया है। जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा रेखराज शर्मा द्वारा जिले के समस्त विकासखंडों के संबंधित अधिकारियों, प्राचार्यों एवं शिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही विकासखंड स्तर पर सार्वजनिक एवं निजी स्थलों पर भी बड़ी संख्या में विद्यार्थी तनावमुक्त होकर सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा में भाग ले सकें तथा अभिभावकों एवं शिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

## महाविद्यालय में हुआ वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**भंवरपुर।** नवीन शासकीय महाविद्यालय भंवरपुर में 28 एवं 29 जनवरी को दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करना था, जिसमें महाविद्यालय परिवार पूर्ण रूप से सफल रहा। प्रतियोगिता के अंतर्गत बालक एवं बालिकाओं के लिए विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया।

# पिथौरा में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित पिथौरा संभाग द्वारा छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025-26 के अंतर्गत 04 फरवरी 2026 को संभागीय कार्यालय पिथौरा एवं दशहरा खेल मैदान बार चौक पिथौरा शहर में आयोजन किया गया।

संभागीय कार्यालय पिथौरा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पिंकी ध्रुव उपसरपंच अमलीडीह तथा विशिष्ट अतिथि जितेंद्र सिंहा जनपद सदस्य पिथौरा एवं जनप्रतिनिधि प्रियरंजन कोसरिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बी. दीवान, कार्यपालन अभियंता पिथौरा द्वारा की गई। वहीं, दशहरा खेल मैदान, बार चौक पिथौरा में आयोजित महोत्सव में मुख्य अतिथि देवेश निषाद अध्यक्ष नगर पंचायत पिथौरा सहित पार्षदगण रामकुंवर सिंहा, मन्नूलाल ठाकुर, दीपक सिंहा, किशोर पटेल तथा उपसरपंच पंकज मटियारा लाखागढ़ एवं पिंकी ध्रुव अमलीडीह विशेष रूप से उपस्थित रहे। महोत्सव के दौरान नियमित रूप से विद्युत बिल भुगतान करने वाले आदर्श बीपीएल, घरेलू, व्यावसायिक, कृषि तथा पीएम सूर्यघर योजना के उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर एवं तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सम्मानित किया गया। मंच से पीएम सूर्यघर योजना के लाभार्थियों ने शून्य अथवा न्यूनतम बिजली बिल आने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अन्य उपभोक्ताओं से भी अपने घरों की छतों पर सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाने की अपील की।



इस अवसर पर सहायक अभियंता गजभिए ने विभाग की 25 वर्षों की उपलब्धियों, स्मार्ट मीटर, मोर बिजली ऐप तथा उपभोक्ता सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। पीएम सूर्यघर हितग्राही वीएस ठाकुर ने सोलर पैनल की नियमित सफाई से अधिक विद्युत उत्पादन होने की उपयोगी जानकारी साझा की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। अंत में श्री ध्रुवंशी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन संजय पटेल कार्यालयीन स्टाफ ने किया।

### कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कल तक

**महासमुंद।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय अंतर्गत गठित राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति द्वारा प्रवर्तित तथा छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय ने बताया कि कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 07 फरवरी तक वेबसाइट eklavya.cg.nic.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। साथ ही प्रवेश से संबंधित नियमावली का अवलोकन वेबसाइट पर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन भरे गए आवेदन पत्रों में त्रुटि सुधार के लिए 08 फरवरी 2026 से 10 फरवरी 2026 तक का अवसर प्रदान किया जाएगा। चयन परीक्षा 01 मार्च 2026 को होगी।

# सिरपुर मंदिर में दर्शन के बाद गौसेवा को लेकर हुई अहम बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के प्रदेश अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल ने ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगरी सिरपुर स्थित प्राचीन मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन किया। दर्शन उपरांत उन्होंने गौ सेवा आयोग के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ गौवंश की सेवा, संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर विस्तृत चर्चा की।

प्रदेश अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल ने कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति की आत्मा है और गौवंश की रक्षा करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार एवं गौ सेवा आयोग द्वारा गौशालाओं के विकास, चारा-पानी की समुचित व्यवस्था, पशु चिकित्सा



सुविधाओं के विस्तार तथा गौ तस्करी पर सख्त कार्रवाई के लिए लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। बैठक के दौरान गौ सेवा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया, जिसमें स्थानीय स्तर पर गौधामों की समस्याएं, संसाधनों की उपलब्धता एवं जनसहयोग से गौ सेवा को और अधिक सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आने वाले समय में जिले एवं विकासखंड स्तर पर गौ सेवा से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे समाज में गौ संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। इस अवसर पर गौ सेवा आयोग के जिलाध्यक्ष नीलेश पटेल, जिला सदस्य गीतेश पंडा, महासमुंद विकासखंड गौसेवा आयोग सदस्य राजा अग्रवाल, राज पंडा, हनीश देवांगन, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में गौ सेवक उपस्थित रहे।

# वन अपराध रोकने में नाकाम वन विभाग अब ग्रामीणों को लड़ाने की योजना बना रहा




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शिकार की घटना रोकने में नाकाम वन विभाग, वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन अब ग्रामीणों को लड़ाने की तैयारी कर रहा है। इसकी पुष्टि 12 दिसंबर 2024 को समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णय से हो रही है। राज्य बनने के बाद से लेकर अब तक हजारों की संख्या में विलुप्त के साथ अन्य प्रजाति के वन्यजीवों का शिकार किया गया है। शिकार की घटना में आरोपी पकड़े भी गए हैं, लेकिन किसी भी शिकारी को विभागीय अधिकारी आज तक कोर्ट से सजा नहीं दिला पाए हैं। इसका कारण वन विभाग के अफसर तथा विवेचकों द्वारा कोर्ट में सही तरीके से तथ्य पेश नहीं कर पाने के साथ कमजोर पीओआर दर्ज करना है। समीक्षा बैठक में शामिल 15 भारतीय वन तथा चार राज्य वन सेवा के अफसरों ने शिकार की घटना रोकने जो निर्णय लिया है, उसके मुताबिक अफसरों का निर्णय कुछ इस तरह से है। इन्हें सामाजिक स्तर पर बहिष्कृत करने के लिए संबंधित गांव के मुखिया, धर्मगुरु, प्रतिष्ठित व्यक्ति एवं समाज सेवी संस्था के साथ बैठक कर उनके गांव में कैंप लगाकर घटित हुए अवैध शिकार के फोटोग्राफ्स उन्हें दिखाकर वन्यजीव अपराध की रोकथाम के लिए जागरूकता लाने अपील करें तथा अपराधी को दंडित करने अथवा बहिष्कृत करने अपील की जाए। बैठक पहले कवर्धा वनमण्डल एवं उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व अंतर्गत किये जाने के लिए योजना तैयार करने के निर्देश दिये गये। साथ ही समस्त वनाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के अपराधियों, संदिग्धों की सूची संधारित करने के निर्देश दिए गए। शिकार पर अंकुश लगाने विभागीय अधिकारियों द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाकर शिकारी का सामाजिक बहिष्कार कराए जाने लोगों को प्रेरित करने से गांव में तनाव के साथ विवाद की स्थिति निर्मित होगी।

# देवरी स्कूल में 12वीं के छात्रों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया इसमें कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं को रंगारंग कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी गई।

ग्यारहवीं की भारती, काजल, कुसुम, भेषकुमारी, लोकेश्वरी, दिव्या, श्रुति, खुशबू ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। विभिन्न प्रकार के खेल जैसे ज्यादा से ज्यादा बिस्किट खाने का प्रतियोगिता में नीलकंठ प्रथम स्थान पर, सूरज, मुदित, नीरज द्वितीय स्थान पर रहे, लड़कियों के बिस्किट खाने के प्रतियोगिता में प्रथम प्रियंका, द्वितीय ईशा ठाकुर और तृतीय स्थान पर भारती रहे। पेपर डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर जान्हवी, देविका, तुलसी, लक्ष्मी रहे। द्वितीय स्थान पर पल्लवी, पुष्पा तृतीय स्थान पर नीरज और मिथलेश रहे गुब्बारे फुलाने की प्रतियोगिता में प्रथम नीलकंठ द्वितीय नीरज तृतीय स्थान पर कृष रहे, छात्राओं में प्रथम




भूमिका द्वितीय जान्हवी और तृतीय प्रियंका रहे। बारहवीं के योगेश्वरी साहू और नीरज बंजारे द्वारा अपने विद्यालयीन जीवन का अनुभव साझा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने कहा कि हमारा स्कूल दूरस्थ अंचल में है। अधिकांश बच्चों के माता पिता की आर्थिक स्थिति कमजोर है और उन्होंने आपको शिक्षा प्राप्ति के लिए भेजा है इसलिए आप सभी को ज्यादा से ज्यादा मेहनत करना है और अच्छे नंबरों से पास होना है। विद्यालय के समस्त व्याख्यातागण नेशलाल धृतलहरे, संजय बारसागढ़े, आनंद राम व्यौहार, नीलू सोनी, रवि प्रकाश पात्रे, बीएल टंडन, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, भोजराम ध्रुव, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, देवानंद चंद्राकर, मौसमी चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा कार्यालयीन कर्मचारी रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव ने अपने विचार रखें। व्याख्याता परस राम सिन्हा के सहयोग से भोजन की व्यवस्था रखी गई थी। छात्र छात्राओं को भेंट प्रदान किया गया। प्राचार्य को भी भेंट प्रदान किया गया। संचालन धनेश्वरी सेन और गायत्री साहू ने किया। इस अवसर पर आयुष चंद्राकर, रीना, प्रमिला, फिजा, वेदिका सेन, ट्विंकल महिलांग आदि का सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### बिरकोनी में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह 8 से

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में 8 फरवरी से 15 फरवरी तक श्रीमद महापुराण ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन स्वर्गीय बृजलाल यादव, देवंतीन बाई यादव, दुर्गेश कुमार यादव की स्मृति में यादव परिवार द्वारा किया गया हैं। कथावाचक पंडित गीतांशु शर्मा एवं परायणकर्ता खिलेंद्र पांडे रायपुर वाले होंगे। 8 को कलश यात्रा, वेदी पूजन, भागवत महात्मय, श्रीमद्भागवत कथा प्रसंग, 9 को सुखदेव व्यास, कपिल, गीता, ध्रुव चरित्र, 10 को जड़ भरत कथा प्रहलाद चरित्र, अजामि लोपाख्यान, गजेंद्र मोक्ष, 11 को समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्रीराम अवतार, कृष्ण जन्मोत्सव, 12 को पूतना वध, कृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग, 13 को रास महारास, कंस उध्दार, रुक्मिणी विवाह, 14 को सुदामा चरित्र, तुलसी वर्षा, परीक्षित मोक्षा, चढ़ौतरी वर्षा, शोभायात्रा, 15 को गीता सहस्त्रधारा स्नान, यज्ञ पूर्णाहुति, भंडारा महाप्रसादी वितरण होगा। प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 1 से सांध्य तक होगा। आयोजक कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए हैं। इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को कथा श्रवण का आनंद लेने की अपील की हैं।

### बिरकोनी स्कूल में छात्रों को कराया न्योता भोज



**बिरकोनी।** प्राथमिक शाला बिरकोनी के प्रधान पाठक देवचरण साहू ने अपने जन्मदिन पर छात्रों को न्योता भोज कराया। जिसमें शासकीय नवीन कन्या पूर्व माध्यमिक शाला बिरकोनी के सभी बच्चों शामिल रहे। इस अवसर पर कन्या पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक योगेश्वर गिरी गोस्वामी, शैल सोनवानी, शारदा जोशी, संगीता साहू, मेघा ध्रुव आदि उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### कांग्रेस प्रभारी ...

कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व अध्यक्ष कृषक कल्याण बोर्ड सुरेंद्र शर्मा, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी दिनेश यदु, पूर्व जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र बंजारे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, पार्षद, मंडल एवं ब्लॉक स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दसवीं में प्रथम ...

किया जाएगा। इसके अलावा आठवी एवं पांचवी कक्षा में भी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों और कक्षा दसवीं के बच्चों को शिक्षा सम्मान युवा टीम की ओर से पेन एवं काफी भेंट की गई। प्रथम बार इस प्रकार के पुरस्कार की घोषणा किए जाने से शिक्षक, बच्चों, पालकों एवं ग्रामवासियों में उत्साह देखा गया। बच्चों के शिक्षा स्तर को और ऊपर उठने इस तरह के पहल किए जाने से सभी उत्साहित हुए।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोहरेंगा**
**तहसील-खरोरा, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**:: सूचना पत्र ::**

दिनांक 31.01.2026

प्रति,
1. श्रीमान विधान मिश्रा निवास रायपुर, 2. श्रीमती सुषमा विजय कन्नौजे निवासी खरोरा, 3. श्रीमान सरपंच ग्राम पंचायत मुरा, 4. श्रीमान त्रिलोचन वर्मा निवासी मुरा, 5. श्रीमान रवि नायक/गायत्री नायक मुरा

विषय- आवेदक श्री/श्रीमति फनेन्द्र भूषण वर्मा पिता/पति श्री पवन कुमार वर्मा निवासी मुरा जिला रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम मुरा पटवारी हल्का नम्बर......राजस्व निरीक्षक मण्डल मोहरेंगा तहसील खरोरा जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 838/1, 838/2 रकबा क्रमशः 0.694, 0.583 योग रकबा-1.277 हेक्टेयर भूमि का श्रीमान तहसीलदार खरोरा के आदेश दिनांक 02.01.2026 के परिपालन मे दिनांक 09.02.2026 का समय 12.00 बजे पश्चात मेरे द्वारा सीमांकन किया जाना नियत है ।

चुंकि आप सभी उल्लेखित खसरा नंबर के बटांकनधारी/ समीपस्थ भूस्वामी है इसलिये आपका उपस्थिति सीमांकन स्थल पर होना अनिवार्य है अतः उक्त सीमांकन मे जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उल्लेखित तिथि को या पूर्व नियत समय तक हल्का पटवारी के कार्यालय मे मय दस्तावेज सहित स्वयं या अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है । नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी भी प्रकार की दावा/ आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा-

**राजस्व निरीक्षक**
**मोहरेंगा**

# अर्जुनी विद्युत उपकेंद्र में मनाया रजत महोत्सव, दी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रदेश में रजत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम अर्जुनी के विद्युत विभाग 33/11 के.वी उपकेन्द्र में रजत महोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव, विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत सभापति प्रतिनिधि त्रिलोक यादव, जनपद एवं अर्जुनी सरपंच प्रतिनिधि सुखराम ध्रुव थे। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव ने कहा कि बिजली के बिना आधुनिक विकास की कल्पना करना असंभव है। उन्होंने कहा चाहे शिक्षा हो स्वास्थ्य हो या कृषि हर क्षेत्र में बिजली ने नई संभावनाएं पैदा की हैं। विद्युत कर्मचारी हर मौसम और विपरीत परिस्थितियों में 24 घंटे तत्पर रहकर समाज को रोशन कर रहे हैं जो काबिले तारीफ है। जनपद सभापति प्रतिनिधि त्रिलोक यादव ने कहा कि बेहतर प्रकाश व्यवस्था से न केवल सुविधा बढ़ती है बल्कि नागरिकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है। रजत महोत्सव कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्युत विभाग के सहायक अभियंता यूएस बर्मन कनिष्ठ अभियंता अभिषेक लकड़ा कनिष्ठ अभियंता बीएल वर्मा बलौदाबाजार ने प्रधानमंत्री मुफ्त बिजली योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## नियमित बिजली बिल भुगतान करने वाले उपभोक्ता हुए सम्मानित



### प्रधानमंत्री मुफ्त बिजली योजना की दी गई विस्तृत जानकारी

बताया कि सौर पैनल के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार से कितना सब्सिडी मिलेगी और कब तक लोन को पटाना है एवं आपके द्वारा सौर पैनल के माध्यम से उत्पादित बिजली को सरकार कैसे लेगी एवं आपके खाते में राशि कैसे आएगी और बिजली उत्पादन कर उपभोक्ता से प्रदाता कैसे बनोगे इसकी भी जानकारी दी गई। वहीं विगत 2 वर्षों से नियमित उपभोक्ताओं जो हर माह बिजली बिल का भुगतान करते हैं विभाग की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। रजत महोत्सव कार्यक्रम के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं बिजली उपभोक्तागण उपस्थित थे।

## नगर में इन दिनों पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बना

# महाशिवरात्रि महोत्सव में 12 ज्योतिर्लिंगों और अमरनाथ गुफा की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

नगर के ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित महाशिवरात्रि महोत्सव इन दिनों पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बना हुआ है। महोत्सव में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ इस आयोजन की भव्यता और दिव्यता को स्वयं प्रमाणित कर रही है।

महोत्सव में देश के बारह पावन ज्योतिर्लिंगों एवं अमरनाथ गुफा की भव्य झांकी है। झांकी की सजीव प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया है। शिवभक्त दूर-दराज़ के क्षेत्रों से परिवार सहित पहुंचकर दर्शन कर रहे हैं और अलौकिक शांति का अनुभव कर रहे हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ अनुविभागीय अधिकारी प्रफुल्ल कुमार रजक द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक कविता प्राण लहरे विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने झांकी का अवलोकन कर आयोजन की सराहना की और जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजन समाज में संस्कार, शांति, सद्भाव, सकारात्मक सोच को सशक्त कर,आध्यत्मिक जागृति का संचार होता है।

संस्था प्रमुख बीके मंजु दीदी ने बताया कि श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए यह महाशिवरात्रि महोत्सव 15 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन लोगों को ईश्वरीय ज्ञान, आत्मिक शांति और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की प्रेरणा दे रहा है।



## भूतेश्वर महादेव मंदिर में 11 दिवसीय पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक का आज समापन



बलौदाबाजार। सोनपुरी रोड स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित 11 दिवसीय पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक का आज समापन होगा। यह धार्मिक आयोजन 27 जनवरी से प्रारंभ हुआ था, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।भूतेश्वर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने बताया कि समापन दिवस पर आज प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात हवन पूजन संपन्न होगा और अंत में भंडारे का आयोजन किया जाएगा जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। 11 दिवसीय आयोजन के दौरान प्रतिदिन दो पालियों में रुद्राभिषेक संपन्न कराया गया। पूरे आयोजन में श्रद्धा भक्ति और आस्था का विशेष वातावरण देखने को मिला। ट्रस्ट की ओर से श्रद्धालुओं से समापन कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है।

### ऋषि गुरुकुल स्कूल के वार्षिक उत्सव में छात्रों ने दी डांस, गीत कविता और भाषण की प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ⏭ बगबुड़ा

ऋषि गुरुकुल इंग्लिश मिडियम स्कूल लवन में प्रतिभा सम्मान समारोह वार्षिक उत्सव का आयोजन 5 फरवरी गुरुवार को हुआ। इस दौरान बच्चों ने डांस, गीत, कविता, भाषण की प्रस्तुति दी। इसमें मुख्य अतिथि नगर-पंचायत लवन अध्यक्ष शिव मंगल सिंह चौहान, उपाध्यक्ष नरेन्द्र साहू, नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य शासकीय स्कूल लवन हरिशंकर जोशी, अध्यक्षता ऋषि गुरुकुल इंग्लिश मिडियम स्कूल लवन सोनियां साहू, प्राचार्य स्कूल, संचालक, सूर्यप्रकाश साहू, सहयोगी मनेजर डहरियां एवं क्लास के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं व पालकगण उपस्थित थे।

### नांदगांव में क्रिकेट प्रतियोगिता 8 से

**महासमुंद।** ग्राम नांदगांव में नांदगांव ब्लास्टर क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में वार्षिक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 8 फरवरी रविवार को होगा तथा फाइनल मुकाबला 15 फरवरी रविवार को खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता में सॉफ्ट टेनिस बॉल से मैच खेले जाएंगे। प्रत्येक मैच 6-6 ओवर का होगा तथा नॉकआउट प्रणाली से प्रतियोगिता होगी।



प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एंट्री फीस 701 रुपए रखी गई है। आयोजन समिति अध्यक्ष मनीष जांगड़े ने बताया कि विजेता टीम को 15,001 रुपये, उपविजेता टीम को 10,001 रुपये (विजयलक्ष्मी जांगड़े, बबली द्वारा) तथा तृतीय पुरस्कार 5,001 रुपये प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही प्रत्येक मैच में चौका, छक्का, विकेट सहित कई आकर्षक इनाम भी रखे गए हैं। आयोजन समिति ने क्षेत्र की समस्त क्रिकेट टीमों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर प्रतियोगिता को सफल बनाने की अपील की है।

# बाबा अर्धनारीश्वर मंदिर में तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू, बेल्दार सिवनी में निकाली कलशयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



ग्राम बेल्दार सिवनी स्थित बाबा अर्धनारीश्वर मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। महोत्सव के प्रथम दिवस मंदिर परिसर में प्रातः काया शुद्धि एवं दीक्षाग्रहण पूजन संपन्न कराया गया, जिसमें आचार्यों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं को धार्मिक अनुष्ठानों में दीक्षित किया।

इसके पश्चात मंदिर में वैदिक रीति-रिवाजों के साथ कलश पूजन किया गया और भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं श्रद्धालु कलश धारण कर ग्राम के प्रमुख चौक-चौराहों और गलियों से होते हुए भगवान भोलेनाथ के जयकारों के साथ आगे बढ़े। पूरे ग्राम में भक्तिमय वातावरण व्याप्त हो गया। कलश यात्रा का समापन बाबा अर्धनारीश्वर मंदिर परिसर में हुआ।

मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि समाज में संस्कार, एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने वाला भी है। उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए मंदिर समिति और ग्रामवासियों को बधाई देते हुए अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की।

महोत्सव में 5 फरवरी को सायं 4 बजे से हिरेश सिन्हा द्वारा भजन-कीर्तन तथा रात्रि 9 बजे से रामायण मानस करमदा का आयोजन किया गया।

द्वितीय दिवस 6 फरवरी को प्रातः 10 बजे से वेदी पूजन एवं आधिवास यज्ञ होगा, वहीं रात्रि 8 बजे से पूजा मानस परिवार, महासमुंद द्वारा भक्ति प्रस्तुतियां दी जाएंगी। तृतीय दिवस 7 फरवरी को प्रातः 10 बजे से भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा, हवन-पूजन, पूर्णाहुति एवं विशाल भोग-भंडारे का आयोजन किया जाएगा। रात्रि 8 बजे से आंचल मानस परिवार रिकोकला एवं बलौदा बाजार द्वारा रामायण की भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। यह पावन आयोजन 5 से 7 फरवरी तक बाबा अर्धनारीश्वर मंदिर निर्माण समिति एवं समस्त ग्रामवासी बेल्दार सिवनी के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न

### भरूवाडीह में सत्संग का आगाज, निकाली गई कलश यात्रा

**भवानीपुर।** ग्राम भरूवाडीह में तीन दिवसीय सत्संग का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिन मातृशक्ति की व्यापक भागीदारी देखने को मिली। कलश यात्रा और दीप प्रज्वलन सुबह गांव की माताओं और बहनों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। भक्ति गीतों और जयकारों के साथ पूरा गांव धर्ममय हो गया। इसके पश्चात, साहेब भुवन ज्योति द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। भजन और प्रवचन दोपहर के सत्र में आमीन माता द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिससे श्रोता भावविभोर हो गए। शाम 4 बजे से मुख्य प्रवचन सत्र में माता साहेब भुवन ज्योति ने सत्यनाम की महिमा का बखान किया।



उन्होंने उद्बोधन में सत्यनाम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हुए इसका विस्तार से वर्णन किया और बताया कि कैसे सत्य का मार्ग ही जीवन के वास्तविक सुख का आधार है। उनके भजनों और वचनों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह ने आत्मिक शांति का अनुभव किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण उपस्थित रहे। आगामी दो दिनों तक सत्संग की यह अविरल धारा प्रवाहित होती रहेगी। आयोजन समिति ने बताया कि इस तीन दिवसीय आयोजन में प्रतिदिन सत्संग भजन और आध्यात्मिक प्रवचन होंगे, जिसमें क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

# सेवानिवृत प्रधानपाठक उमा शंकर को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मड़कड़ा में सेवानिवृत्त प्रधानपाठक उमाशंकर साहू को सेवाकाल पूर्ण होने के पाश्चात भावभीनी विदाई दी गई। इसमें मुख्य अतिथि उमाशंकर साहू थे।

विशिष्ट अतिथि सुशीला साहू, ओम शरण साहू, लखन लाल यादव सरपंच मड़कड़ा, घसियाराम यादव, फागुलाल कैवर्त्य, संतोष कैवर्त्य आदि पंचगण सहित विभिन्न विद्यालय के शिक्षक भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्वच्छता



अभियान अभिनय नृत्य भवानी मां एक्ट डांस ऑपरेशन सिंदूर अभिनय नृत्य नारी शक्ति कोलकाता मर्डर एक्ट डांस सीजी रिमिक्स राउत नाचा, बिहू नृत्य, भांगड़ा नृत्य, मराठी नृत्य, संबलपुरी नृत्य, दक्षिण भारतीय नृत्य, डांडिया नृत्य छात्रों ने प्रस्तुत किया। बच्चों ने झांकी के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुतियां दी, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

# हरिमंदर साहिब गुरुद्वारा दर्शन के लिए संगत रवाना

**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ सिक्ख संगठन के नेतृत्व में गुरुवार को रायपुर से साउथ बिहार एक्सप्रेस द्वारा तख्त हरिमंदर साहिब गुरुद्वारा जी पटना के पावन दर्शन हेतु संगत रवाना हुई। इस यात्रा का नेतृत्व बीबी शरणजीत कौर द्वारा किया गया। संगत ने गुरुबाणी कीर्तन का गायन करते हुए आध्यात्मिक वातावरण में यात्रा प्रारंभ की। इस जत्थे में लगभग 80 समाज जन शामिल रहे।

भाटापारा में संगत का श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया, जहां नाश्ता एवं चाय की सेवा संगत को समर्पित भाव से प्रदान की गई। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के वरिष्ठ सदस्य सरदार बलवंत सिंह सलूजा एवं माता हरजीत कौर के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस



अवसर पर समाज के अनेक वरिष्ठ युवा जन उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से जोंटी गुम्बर, गगनजीत आनंद, सौरभ आनंद, राजा चावला, मन्नी छाबड़ा सहित बड़ी संख्या में समाज जन शामिल थे।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
06 फरवरी 2026 SHOW TIME
बॉडर-2
शो समय -03:00, 06:00, 09:00 PM
सरकारी दमाद (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
मंगलसूत्र (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
गोदान
शो समय - 03:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# महतारी वंदन योजना से संवर रहा रानी करुणा का घर-संसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम देवरी निवासी रानी करुणा गायकवाड़ के लिए महतारी वंदन योजना आर्थिक संबल का बड़ा माध्यम बनकर उभरी है। हर महीने एक हजार मिलने वाली राशि से दैनिक जरूरतें आसानी से पूरी हो रही है और गृहस्थी बेहतर चल रही है। रानी करुणा के पति शैलेश गायकवाड़ एक निजी प्लांट में काम करते हैं, लेकिन परिवार की सीमित आय के कारण घर का खर्च चलाना और दो छोटे बच्चों की परवरिश करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। उनकी बड़ी बेटी अभी केजी-2 में शिक्षा प्राप्त कर रही है और छोटा बेटा मात्र 18 महीने का है। ऐसे में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा शुरू की गई इस योजना ने उनके परिवार को एक नई दिशा और राहत प्रदान की है।हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश की महिलाओं के बैंक खातों में योजना की 24वीं किश्त के रूप में 1000 रुपये की राशि हस्तांतरित की गई है। रानी करुणा गायकवाड़ को भी इस योजना का निरंतर लाभ मिल रहा है और वे अब तक कुल 24 हजार रुपये की राशि प्राप्त कर चुकी हैं। इस राशि का उपयोग वे समझदारी के साथ कर रही हैं। वे प्राप्त पैसों का एक हिस्सा अपनी रोजमर्रा की घरेलू आवश्यकताओं और बच्चों की जरूरतों को पूरा करने में खर्च करती हैं, जबकि शेष राशि को उन्होंने भविष्य की आकस्मिक जरूरतों के लिए बचाकर रखा है।

## अब तक मिली 24 हजार रुपए की राशि






### मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए बहुत मददगार साबित हो रही है

रानी करुणा ने इस योजना के प्रति अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हर महीने समय पर मिलने वाली यह राशि उनके जैसे मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए बहुत मददगार साबित हो रही है। उन्होंने महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी और सशक्त बनाने के इस विजनरी प्रयास के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है। उनका मानना है कि यह योजना न केवल महिलाओं के हाथ में पैसा दे रही है, बल्कि समाज में उनके आत्मविश्वास और सम्मान को भी बढ़ा रही है।

## खबर संक्षेप

### एकलव्य आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन 7 तक

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति रायपुर द्वारा विकासखण्ड कसडोल अंतर्गत एकलव्य आवासीय विद्यालय सोनाखान में शिक्षण सत्र 2026-27 में अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 1 मार्च समय प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित किया जाना है। उक्त चयन प्रवेश परीक्षा के लिए विद्यार्थियों द्वारा आंनलाईन आवेदन 7 फरवरी तक तथा आनलाइन भरे गये फॉर्म में त्रुटि सुधार 8 फरवरी से 10 फरवरी तक कर सकते हैं। परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रावीणता के आधार पर बालिका वर्ग में 30 एवं बालक वर्ग में 30 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाना है। विद्यार्थियों द्वारा आंनलाईन आवेदन वेबसाइट एचटीटीपी स्लेस एकलव्य डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर कर सकते हैं।

### छात्रों ने जाना साइल हेल्थ कार्ड का महत्त्व



**गिरसानाला।** पी एम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी हिंदी माध्यम शहीद विवेक शुक्ला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरसींवा में कृषि विभाग द्वारा स्कूल स्वॉयल हेल्थ प्रोग्राम अंतर्गत कक्षा-9 वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों को साइल हेल्थ कार्ड का महत्त्व, मिट्टी की संरचना, मिट्टी के प्रकार, मिट्टी नमूना एकत्रित करने की विधि को प्रायोगिक तथा मिट्टी परीक्षण की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही स्कूल सॉइल हेल्थ टीम का भी गठन किया गया। इसमें प्राचार्य बीएल कुर्रे, नोडल यूके जांगड़े कृषि विभाग से कृष्ण कुमार साहू वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, चैतराम बंजारे कृषि विकास अधिकारी, क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी कुलदीप नायक, दीनानाथ साहू, प्रकाश कुमार थवाईत ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर उपस्थित थे।

### अतिक्रमण के विरोध में नेशनल हाईवे पर धरना 8 को

**महासमुंद।** नगर के वार्ड क्रमांक 16 त्रिमूर्ति कॉलोनी में त्रिमूर्ति सहकारी गृह निर्माण समिति की लगानी भूमि के सामने किए गए अवैध अतिक्रमण के विरोध में 08 फरवरी रविवार को क्षेत्रवासी नेशनल हाईवे 353 पर धरना प्रदर्शन करेंगे। धरनारत नागरिक ने 02 फरवरी को नगर पालिका परिषद एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को पृथक-पृथक ज्ञापन सौंपकर अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि लगानी भूमि पर हो रहे अतिक्रमण से भविष्य में दुकानों की संख्या में अनियंत्रित वृद्धि होगी, जिससे प्रस्तावित व्यवसायिक कांप्लेक्स के निर्माण में गंभीर बाधा उत्पन्न होगी। अवैध कब्जों के कारण भीड़ बढ़ेगी, सड़क संकरी होगी और इससे यातायात जाम एवं दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहेगी। धरना आयोजित करने वाले नागरिकों ने बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर त्रिमूर्ति कॉलोनी के पूर्व अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों द्वारा 14 जनवरी को निखिलकांत साहू तथा मुख्य नपा अधिकारी को लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई थी, किंतु अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। प्रशासनिक उदासीनता से आक्रोशित होकर क्षेत्रवासियों ने शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की जाएगी कि कॉलोनी की लगानी भूमि की सुरक्षा एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम के तहत अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए।

## आयोजन : अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया सम्मान

# प्राथमिक स्कूल में हुआ मातृ सम्मेलन माताओं की भूमिका पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

प्राथमिक शाला कानाकोट संकुल धमनी विकासखंड पलारी में मातृ सम्मेलन का आयोजन सरपंच चांदनी बांधे, उपसरपंच संतोषी ध्रुव, शाला समिति अध्यक्ष उमा पैकरा, प्रधान पाठक भूमिता कुर्रे और माताओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ। छात्राओं ने स्वागत गीत, कक्षा पहिली और बालवाड़ी के बच्चों द्वारा माताओं के सम्मान में सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। मातृ सम्मेलन आयोजन उद्देश्य की जानकारी शाला की नोडल शिक्षिका सुनीता साहू द्वारा दी गई। इस दौरान शासन द्वारा महिलाओं और बच्चों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही माताएं अपने बच्चों के शैक्षणिक विकास में अपनी भूमिका कैसे निभा सकते हैं इस पर माताओं को जागरूक किया गया। माताओं के मनोरंजन के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन सुनीता साहू शिक्षिका, धनेश्वरी बांधे, पार्वती ध्रुव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, अर्पिता बांधे अतिथि शिक्षिका, पूर्व छात्रा दिव्या, चांद,के मार्गदर्शन में किया गया। इसमें उपस्थित माताओं ने बढ़चढ़ हिस्सा लिया। विजेताओं को शाला परिवार की ओर से सरपंच चांदनी बांधे, उपसरपंच संतोषी ध्रुव, अध्यक्ष उमा पैकरा और प्रधान पाठक भूमिता कुर्रे द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। कक्षा पहिली की पायल ध्रुव की दादी और डोमन यादव के मां को स्मार्ट माता का ताज पहनाकर उपहार देकर सम्मानित किया गया और सभी माताओं को अपने बच्चों के शैक्षिक, शारीरिक, मानसिक विकास में योगदान देने और सक्रिय रहने अपील की।





### सुवा व पंथी नृत्य ने बढ़ाई कार्यक्रम की शोभा

कार्यक्रम में माताओं द्वारा सुवा नृत्य और पंथी नृत्य प्रस्तुत किया गया। उपस्थित माताओं को सरपंच, उपसरपंच, प्रधान पाठक और शाला समिति अध्यक्ष ने संबोधित किया। शाला परिवार की ओर से अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर मातृ सम्मेलन में सहभागिता के लिए आभार प्रगट किया गया।

# भरत देवांगन स्कूल में 12वीं के छात्रों को दी गई विदाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय में कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए विद्यालय परिवार विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने विद्यालय में बिताए गए अपने सुनहरे पलों को याद करते हुए अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य रजनी मिंज एवं समस्त विद्यालय स्टाफ द्वारा विद्यार्थियों को स्मृति-चिह्न स्वरूप पेन भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। साथ ही विद्यार्थियों के लिए स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई। प्राचार्य रजनी मिंज सहित समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं की। तत्पश्चात कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को उनके प्रवेश पत्र प्रदान कर स्नेहपूर्ण वातावरण में विदा किया गया।

प्राचार्य रजनी मिंज द्वारा विद्यार्थियों को स्नेहपूर्ण मार्गदर्शन देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

इस अवसर पर कला संकाय कक्षा शिक्षका शाहिना परवीन व्याख्याता, वाणिज्य संकाय कक्षा शिक्षका नीतू यादव व्याख्याता एवं विज्ञान संकाय कक्षा शिक्षका प्रिया संघवी व्याख्याता द्वारा कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रेरणादायी एवं स्नेह भरे उद्बोधन दिए गए। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस मौके पर स्कूल स्टाफ और छात्रगण शामिल हुए।

# शिवरतन शर्मा ने 59 छात्राओं को साइकिल वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण ग्राम कोदवा में शिवरतन शर्मा ने 59 छात्राओं को सरस्वती योजना की सायकिल वितरित की। इस दौरान उन्होंने कहा बेटियां है तो कल है, बेटियां पढ़ेगी विकास गढ़ेगी। सभी बच्चे बेहतर ढंग से पढ़ाई करें और अपने विद्यालय का नाम रोशन करें। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सोच है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल एवं सभी क्षेत्रों में प्रदेश का समग्र विकास करना। शिवरतन शर्मा ने कहा यही समय होता है, अपने लक्ष्य निर्धारित कर रुचि रखने वाले विषय को लेकर पढ़ाई करें, जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व होता है। शिक्षा को और बेहतर रूप से करने के साथ ग्रामीण क्षेत्र की बच्चियों को स्कूल आने में परेशानी ना हो, जिसके लिए सरस्वती साइकिल योजना के तहत बेटियों को साइकिल वितरण की जा रही है।

शिवरतन शर्मा ने डबल इंजन भाजपा सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। इस अवसर पर मथुरा यदु, पवन वर्मा, डब्लू ठाकुर, संतोष साहू, गांव के जनप्रतिनिधिगण, भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारीगण सहित विद्यालय परिवार के शिक्षकगण उपस्थित थे।



### कलेक्टर ने निःशक्तजनों को बांटे सहायक उपकरण



**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी ने गुरुवार को 3 दिव्यांगजनों को समाज कल्याण विभाग के माध्यम से सहायक उपकरण प्रदान किए। बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम परसाभदेर के रामलाल निषाद को हस्त चलित ट्रायसायकिल, ग्राम खम्हरिया निवासी स्वीती रत्नाकर को व्हीलचेयर एवं नगर पालिका बलौदाबाजार निवासी चंद्रकांत सेन्द्रे को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया।सहायक उपकरण मिलने पर दिव्यांगजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब उनको रोजमर्रा के कार्यों एवं बाहर आने -जाने में आसानी होगी। ट्रायसिकल, श्रवण यंत्र एवं व्हीलचेयर मिलने पर उन्होंने शासन एवं प्रशासन को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर उप संचालक सिनीवाली गोयल एवं विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# वार्षिकोत्सव में छात्रों ने दी रंगारंग प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

कमलाकांत इंस्टिट्यूट में आयोजित वार्षिकोत्सव सुषिर कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा शामिल हुए।इस दौरान छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, मनमोहक संगीत-नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ने संस्था की पत्रिका का विमोचन किया । पत्रिका के माध्यम से सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को जन-जन तक पहुँचाने का सराहनीय प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा सुषिर यह प्रमाण है कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संस्कार, संस्कृति और व्यक्तित्व निर्माण की मजबूत आधारशिला है।

### पूर्व माध्यमिक स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव

सेल। पूर्व माध्यमिक विद्यालय भद्रा के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में भाजपा जिलामंत्री मेलाराम साहू शामिल हुए। पूर्व माध्यमिक विद्यालय भद्रा संकुल केंद्र देवरीकला विकासखंड कसडोल जिला बलौदाबाजार भाटापारा के अंतर्गत आता हैं। रंगारंग कार्यक्रम में छात्रा छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिलामंत्री एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य मेलाराम साहू ने छात्रा छात्राओं को उपहार भेंट किया। इस मौके पर सरपंच चार बाई कश्यप, सरपंच प्रतिनिधि रामफल कश्यप, शाला विकास समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार कश्यप, पंचुराम बंजारे, राजेश कुमार थवाईत सहित समिति के सदस्य और स्कूल स्टाप उपस्थित रहा।



## बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण देने की पहल

# प्राथमिक स्कूल भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

ग्राम पंचायत मटिया में प्राथमिक शाला के अतिरिक्त भवन निर्माण की घोषणा के तहत गुरुवार को भूमिपूजन हुआ। वहीं ग्राम पंचायत फरहदा में प्राथमिक शाला परिसर में तीन लाख की लागत से टाइल्स एवं पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य का भी शुभारंभ किया गया। दोनों ही विकास कार्यों की घोषणा पूर्व में जिला पंचायत सभापति बलौदाबाजार ईशान वैष्णव द्वारा की गई, जो आज पूजा-अर्चना के साथ औपचारिक रूप से प्रारंभ हुई।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति बलौदाबाजार ईशान वैष्णव ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का मजबूत होना अत्यंत आवश्यक है। शाला भवन के अतिरिक्त कक्ष बनने से बच्चों को बेहतर वातावरण मिलेगा और फरहदा शाला परिसर में टाइल्स व पेवर ब्लॉक लगने से स्वच्छता एवं सुविधा में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और आगे भी शिक्षा, सड़क व बुनियादी सुविधाओं पर प्राथमिकता से कार्य किया जाएगा।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार, जनपद सदस्य प्रतिनिधि सत्या जोगी, जनपद सदस्य वीणा वर्मा, सरपंच मटिया टीकाराम निषाद, सरपंच फरहदा महिष जांगड़े, आमाकोनी सरपंच मनीष साहू, पूर्व सरपंच रोशन वर्मा, उपसरपंच अशोक, महेश यदु, बलकरण ठाकुर, भुवन साहू, लक्ष्मण साहू, प्रेम साहू, हरीश साहू, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने विकास कार्यों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण पूर्ण होने की कामना व्यक्त की।



